श्री गुजराती समाज बी.एड. महाविद्यालय, इंदौर

दि.02/09/2024

प्रतिवेदन

आज दि. 02/09/2024 को अहिल्योत्सव के उपलक्ष्य में महाविद्यालय में देवी अहिल्याबाई होल्कर की 229वीं पुण्यतिथि पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राचार्या डॉ. किरण दम्मानी द्वारा अहिल्याबाई की तस्वीर पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया तथा विद्यार्थियों से देवी अहिल्याबाई के जीवन दर्शन की जानकारी साझा की।कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा भी अपने विचारों को व्यक्त किया गया, जिसमें अमृता चिथानी ने उनकी न्यायप्रियता के संबंध में जानकारी प्रदान की।खुशबू शर्मा ने अहिल्याबाई की विनम्र एवं उदारं शासक के रूप में पहचान से अवगत करवाया। रोशनी सोलंकी ने उनके व्यक्तित्व से संबंधित घटना सुनाकर उनके सहनशीलता व सहिष्णुता के गुणों को बताया। विवेक कुमार ने उनके भक्ति परायणता व मंदिरों में विकास के बारे में बताया। पूजा देवड़ा ने अहिल्याबाई के जीवन से प्रेरणा लेने हेतु जागरूकता का संदेश दिया। भारती भार्गव ने उनके जीवन की घटनाओं से संबंधी पीपीटी बनाकर प्रदर्शित की। सहा. प्रा. कीर्ति यादव ने महेश्वर में स्थित सोने के झूले की घटना का वर्णन किया। कार्यक्रम का संचालन सहा. प्रा. अम्बर वारसी तथा आभार प्रदर्शन सहा. प्रा. अपर्णा रघुवंशी द्वारा किया गया।

कार्यक्रम प्रभारी

सहा.प्रा.अम्बर वारसी

प्राचार्य

डॉ. किरण दम्मानी

डॉ. श्रीमती किरण दम्मानी
प्राचार्य
श्री गुजराती समाज
बी. एड. कॉलेज, इन्दौर